**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 30.08.2024 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- पेंशनभोगियों के लिए प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सरकार ने आज एकल सरलीकृत पेंशन आवेदन–पत्र जारी किया ।
- द्वीपसमूह में आज भूकंप और सुनामी पर राज्य स्तरीय बनावटी अभ्यास का आयोजन किया गया।
- पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद की ओर से जोगर्स पार्क के पास रियूज़, रेडयूज़ और रिसाइकिल केन्द्र स्थापित की गई है।
- दक्षिण अंडमान ज़िले के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने मूर्ति बनाने और विसर्जन को लेकर जारी किए गए दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की हैं।
- द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><><>

पेंशनभोगियों के लिए प्रक्रिया को सरल बनाने के एक उपाय के रूप में, सरकार ने आज एकल सरलीकृत पेंशन आवेदन–पत्र जारी किया और भविष्य पोर्टल का ई–एचआरएमएस के साथ डिजिटल एकीकरण किया। इन अनूठे उपायों की शुरुआत कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा, सरकार जीवन सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के सचिव विवेक जोशी ने मानव संसाधन प्रबंधन को बढ़ाने के लिए इन उपायों को महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में आज भूकंप और सुनामी पर राज्य स्तरीय बनावटी अभ्यास का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली और अंडमान निकोबार प्रशासन के सहयोग से आयोजित इस अभ्यास के दौरान तैयारियों की समीक्षा की गई। कैम्पबेल बे में स्थानीय प्रशासन और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कैम्पबेल बे, पंचायत, पुलिस, अग्निशमन और विभिन्न विभागों के सहयोग से बनावटी अभ्यास का आयोजन किया गया। इसी तरह के कार्यक्रम अन्य पंचायतों में भी आयोजित हुए।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद की ओर से जोगर्स पार्क के पास रियूज़, रेडयूज़ और रिसाइकिल केन्द्र स्थापित की गई है। इस केन्द्र का उद्‌घाटन परिषद के अध्यक्ष सुदीप राय शर्मा ने किया। इस अवसर पर परिषद के सचिव अमित काले भी उपस्थित थे। इस केन्द्र में आम जनता अपनी पुरानी उपयोगी वस्तुओं जैसे कपड़े, खिलौने, किताबे, जूते, बैग, कागज, प्लास्टिक की वस्तुएं और विद्युत उपकरणों को दे सकते हैं, ताकि इन वस्तुओं का रियूज़ और रिसाइकिल हो सके। परिषद के सचिव ने इस केन्द्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से इस कार्य में सहयोग देने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक – आरबीआई ने अपने नाम के दुरुपयोग से जुड़ी धोखाधड़ी गतिविधियों के खिलाफ चेतावनी जारी की है। आरबीआई ने कहा कि जालसाज विभिन्न हथकंडे अपनाते हैं, जिनमें फर्जी लेटरहेड और ईमेल आरबीआई कर्मचारियों का रूप धारण करना और लॉटरी जीतने, फंड ट्रांसफर, विदेशी प्रेषण और सरकारी योजनाओं जैसे काल्पनिक प्रस्तावों के साथ व्यक्तियों को लुभाना शामिल है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िले के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने मूर्ति बनाने और विसर्जन को लेकर जारी किए गए दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की हैं। इसके अंतर्गत कुछ

नियम बनाए गए है। मूर्तियों के विसर्जन के मार्ग पर बिजली की लाइनों के कारण किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए मूर्ति की ऊँचाई सोलह फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए। मूर्तियों को बनाने में प्राकृतिक रंगों का ही इस्तेमाल होना चाहिए। मूर्तियों के विसर्जन के मार्ग को पुलिस विभाग द्वारा अंतिम रूप दिया जाएगा। सभी पूजा आयोजकों को पुलिस विभाग को तारीख और समय के बारे में पहले ही सूचित करना होगा। सजावट और रोशनी के लिए पंडालों में बिजली के तारों को सुरक्षित रूप से रखा जाना चाहिए। प्रत्येक आयोजन समिति को अपने संबंधित पंडाल के लिए विद्युत विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र हासिल करना होगा। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सतह से कम से कम पांच फीट ऊपर सजावटी रोशनी सुनिश्चित करना होगा। पूजा पंडाल का निरीक्षण विद्युत विभाग, पुलिस, अग्निशमन विभाग और क्षेत्र के कार्यकारी मजिस्ट्रेट के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। ध्वनि प्रदूषण नियम दो हजार के तहत रात दस बजे के बाद लाउड स्पीकर के इस्तेमाल की अनुमति नहीं होगी। नियम का उल्लंघन करने पर पुलिस द्वारा लाउड स्पीकरों को जब्त कर कार्रवाई की जाएगी। अस्पतालों, शैक्षिक संस्थानों और न्यायालयों से करीब सौ मीटर के क्षेत्र में लाउड स्पीकर का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। पूजा पंडालों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आयोजन समितियों को पर्याप्त अग्निशमन व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। पूजा समितियों को नशे से दूर रहने का निर्देश भी दिया गया है। इसका उल्लंघन करने पर कानून के तहत कड़ी कारवाई की जाएगी। दक्षिण अंडमान उपायुक्त कार्यालय के जिला नियंत्रण कक्ष में एकल खिड़की सुविधा स्थापित की गई है, जहां आवश्यक अनुमतियों के लिए संबंधित पूजा समितियों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। मूर्तियों के विसर्जन के समय वाहन चालकों को तेज गति से वाहन न चलाने और नशे के सेवन से दूर रहने का निर्देश दिया गया है। पंडालों में कचरे के निपटान के लिए कूड़ेदान की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। बिजली, अग्निशमन, कानून और व्यवस्था का पालन न करने पर किसी भी दुर्घटना या अप्रिय घटना होने पर आयोजन समिति जिम्मेदार होगी और उस पर कानून के तहत उचित कार्रवाई की जाएगी। पूजा आयोजकों को केन्द्रीय

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नई दिल्ली में जारी राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के मूर्ति विसर्जन से संबंधित दिशा–निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

प्रसार भारती द्वारा डी डी फ्री डिश के नाम से निशुल्क डी टी एच प्लेटफार्म संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत तीन सौ इक्यासी टीवी चैनल और अड़तालीस रेडियो चैनल देश भर में लगभग पांच करोड़ से अधिक घरों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। डी डी फ्री डिश के फ्री टू एयर मॉडल ने इसे सबसे बड़ा डीटीएच प्लेटफार्म बना दिया है और यह दूर–दराज, ग्रामीण, दुर्गम और सीमावर्ती क्षेत्रों में भी उपलब्ध है। इसके माध्यम से प्रसार भारती देश के दूर–दराज के कोने–कोने में सूचना, शिक्षा और मनोरंजन प्रदान करके सार्वजनिक सेवा प्रसारण के अपने प्राथमिक उद्देश्य को पूरा कर रहा है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद की ओर से पर्यावरण संरक्षण और शहर को हरा भरा बनाने के लिए प्रधानमंत्री के आहवान पर एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया है। परिषद के सचिव अमित काले के मार्गदर्शन में इस पहल का लक्ष्य शहर में चौबीस हजार पौधे लगाना है, जिसमें प्रत्येक वार्ड में एक हजार पौधे लगाए जाएंगे। इस अभियान की आधिकारिक शुरूआत मरीना पार्क के पास मरीन एसप्लेनेड में परिषद के अध्यक्ष सुदीप राय शर्मा द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान हुई। इस अभियान में सभी वार्डों के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। इनमें परिषद कार्यालय परिसर, स्कूल, कॉलेज, स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनवाड़ी केन्द्र जैसे स्थानों पर वृक्षारोपण किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में वर्षा हुई। लांग आइलैंड में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक चौंतीस दशमलव दो मिलीमीटर, मायाबंदर में चौबीस, कार निकोबार में सत्रह, हटबे में चौदह, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में बारह और पोर्ट ब्लेयर में सात दशमलव तीन

मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मछुआरों को कल तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार भोजपुरी समाज कल अपना स्थापना दिवस मनाएगा। इस सिलसिले में टैगोर कॉलेज के सभागार में कल शाम छः बजे से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में भोजपुरी समाज की भव्य धरोहर और संस्कृति को दर्शाया जाएगा।

<><><><><><><>